आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून

जासं, गुरुग्राम : श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) में नए सत्र के तहत दाखिला प्रक्रिया चल रही है। एसवीएसयू के कुलपति राज नेहरू ने बताया कि 15 मई से दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी 14 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवि में तीस कोर्स हैं और इनमें लगभग आठ सौ सीटें हैं, जिन पर दाखिले होने हैं। उन्होंने बताया कि विवि में कौशल विकास पर अधिक ध्यान दिया जाता है। समय-समय पर यहां रोजगार मेले लगाए जाते हैं, जिनमें नामी कंपनियां शामिल होती हैं। विद्यार्थियों के पास दाखिले के लिए 14 जून तक आनलाइन आवेदन करने का समय है। विवि की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद साक्षात्कार और समूह चर्चा के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची 23 जून को जारी की जाएगी। 28 जून से चार जुलाई तक साक्षात्कार और समूह चर्चा होगी। आठ से 13 जुलाई तक पहली काउंसलिंग होगी। दूसरी काउंसलिंग 17 से 22 जुलाई तक होगी।